प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.02.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

## रेडियो दिवस

आज विश्व रेडियो दिवस है। लोगों में रेडियो के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रेडियो के जरिए सूचना पाने को प्रोत्सांहन देने के लिए हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। यह रेडियो की विशिष्ट उपयोगिता को याद करने का भी दिन है जो दुनिया के हर हिस्से में लोगों तक पहुंचता है और उन्हें एकजुट करता है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस का विषय ''**रेडियो और जलवायु परिवर्तन है।**'' विश्व रेडियो दिवस पर अपने संदेश में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि समाचार और सूचना का प्रसार करते हुए रेडियो राष्ट्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के आदर्श वाक्य के साथ दुनिया का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क आकाशवाणी देश के लोगों को अपनी सेवाएं दे रहा है।

## कैबिनेट स्थगित

प्रदेश मंत्रिमडल की आज होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई है। अब ये बैठक 15 फरवरी को होगी। इस बैठक में बजट सत्र व राज्यपाल के अभिभाषण का ड्राफ्ट तैयार करने पर चर्चा संभावित है। इसके अलावा बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

## लोकसभा–आयकर बिल

आयकर विधेयक–2025 आज लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस विधेयक का उद्देश्य आयकर से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करना है, वित्तमंत्री निर्मला सीतारामण ने अपने बजट भाषण में नया इनकम टैक्स बिल लाने का ऐलान किया था। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वाले व्यक्तियों को कोई आयकर नहीं देना होगा।

## चजगी उत्सव

चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र किलाड़ का प्रसिद्ध चजगी उत्सव कल माघ पूर्णिमा की रात धूमधाम के साथ मनाया गया। अधिक जानकारी के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट.........

............**डिस्पैच विकास ठाकुर**

स्वर्ण पदक

उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित 38वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 5 हजार मीटर दौड़ में सावन बरवाल ने प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीता है। जोगिंद्र नगर के रहने वाले सावन ने ये दौड़ 13 मिनट 45 सैकिंड में पूरा कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाया है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में बादल छाये है। इस बीच प्रदेश में बर्फबारी और बारिश न होने की वजह से सूखे जैसे हालत पैदा हो गए हैं और राज्य के किसान और बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। जनवरी महीने में 84 फ़ीसदी और फरवरी महीने में अब तक 51 फ़ीसदी तक कम बारिश दर्ज की गई है। हमारे शिमला जिला संवाददाता ने बताया कि.............
**डिस्पैच–योगराज शर्मा**

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सूक्खू के बयान को आज लगभग सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है।

पंजाब केसरी, दिव्य हिमाचल और हिमाचल दस्तक लगभग एक जैसी सुर्खी है–**दिसंबर 2025 तक होगा 72 मेघावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन।**

**एक खच्चर के मालिक को रेत बजरी ढोने के दे दिए डेढ़ करोड़**–शीर्षक से अमर उजाला लिखता है–**चुराह की सनवाल पंचायत में एक और गड़बड़झाले का हुआ खुलासा, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**। इसी खबर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है–**अब चंबा में अचम्भा, खच्चर ने कमाए डेढ़ करोड़, पंचायत प्रतिनिधियों ने हड़पे।**

आपका फैसला ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बयान को शीर्षक दिया है–**महाकुंभ जाने वालों के लिए सरकार ने नहीं किए इंतजाम।**

———————————————————————————